# आंतरिक मूल्यांकन समिति प्रतिवेदन

बी.सी.एस.शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी में विश्वविद्यालयीन कैलेण्डर के अनुसार प्रतिवर्ष जनवरी माह के अंतिम सप्ताह में पूर्व विश्वविद्यालयीन परीक्षाओं का आयोजन किया जाता रहा है। सत्र 2020–21 में पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर (छ.ग.) की अधिसूचना कमांक 1615, 1619, 1621, 1623, 1629/अका./आं./मूल्या./2021 दिनांक 19.02.2021 के अनुसार शिक्षा सत्र 2020–21 से बी./बी.कॉम./बी.कॉम. (आई.टी.)/बी.एस.सी. (बॉयो, गणित,आई.टी. ,बी.एस.सी. गृहविज्ञान) एवं एलएल.बी. प्रथम सेमेस्टर की आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा के 10 प्रतिशत अंकों का वार्षिक परीक्षा के अंक में समाहित किया जायेगा अर्थात आंतरिक मूल्यांकन का 10 एवं मुख्य परीक्षा के 90 प्रतिशत अंक होगा इस निर्देश के परिपालनार्थ इस सत्र में आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा का आयोजन स्नातक प्रथम वर्ष एवं एलएल.बी. प्रथम सेमेस्टर एवं व्दितीय सेमेस्टर हेतु किया गया। उपरोक्त प्रावधान शिक्षा सत्र 2020–21 (परीक्षा 21) में प्रथम वर्ष। प्रथम सेमेस्टर (एलएल.बी.) से प्रभावशील किया गया एवं इसके अनुरूप आगामी सत्रों में व्दितीय एवं तृतीय वर्ष में क्रमशः प्रभावशील होगा। कोविड–19 वैश्विक महामारी के कारण परीक्षा 2020–21 ऑनलाईन आयोजित की गयी परीक्षा प्रारंभ होने की तिथि 22.03.2021 से प्रत्येक परीक्षा तिथियों पर 11:00 बजे वेबसाईट एवं कक्षाओं के व्हाटसएप ग्रुप में पेपर अपलोड करने का दायित्व डॉ.सीमा साहू संविदा सहायक प्राध्यापक आई.टी. एंव श्री राजेश चौरसिया संविदा सहायक प्राध्यापक आई.टी. को सौंपा गया। परीक्षा दिवस पर आंतरिक मूल्यांकन प्रभारी डॉ.अनिता राजपुरिया/डॉ.प्रभा वेरूलकर व्दारा उन्हें प्रश्नपत्र प्रदान किया गया। बी.ए. ,बी.कॉम. ,बी.एस.सी. एवं बी.एस.सी. गृहविज्ञान की परीक्षा 22 मार्च 2021 से प्रारंभ हुई एवं अंतिम प्रश्नपत्र बी.कॉम. प्रथम वर्ष का 05 अप्रैल 2021 को सम्पन्न हुआ। परीक्षा समाप्ति पर निर्धारित तिथियों पर सभी संकाय की उत्तर पुस्तिका विद्यार्थियों व्दारा संबंधित विभागों में जमा की गयी समस्त बी.एस.सी. एवं बी.एस.सी.गृहविज्ञान प्रथम वर्ष की उत्तर पुस्तिका 31 मार्च से 03 अप्रैल के मध्य बी.ए.प्रथम वर्ष की 05 अप्रैल से 08 अप्रैल के मध्य बी.कॉम.प्रथम वर्ष की 06 से 10 अप्रैल के मध्य जमा हुई। इसी तरह विधि विभाग में भी सेमेस्टर परीक्षा के पहले आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा आयोजित की गई। उत्तर पुस्तिका जमा करते समय उपस्थिति पत्रक में विद्यार्थियों से हस्ताक्षर अनिवार्य रूप से कराये गये। आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा की सूचना के उपरांत भी अनुपस्थित विद्यार्थी विश्वविद्यालयीन परीक्षा के 10 प्रतिशत अंक से वंचित हुए।

BCS Govt. P.G. College
Dhamtari

(डॉ.अनिता राजपुरिया)
आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा प्रभारी
बी.सी.एस.शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
जिला–धमतरी (छ.ग.)

Scanned with CamScanner